सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

माननीय प्रबन्ध परिषद की 24वीं(आकस्मिक) बैठक दिनाँक 28 अक्टूबर, 2013 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 24वीं(आकस्मिक) बैठक दिनाँक 28 अक्टूबर, 2013 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई।

बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थीः–

1.	डा0 हरि शंकर गौड़, कुलपति	अध्यक्ष
2.	श्री ओम प्रकाश शर्मा, मा0 विधाान परिषद सदस्य	सदस्य
3.	श्री प्रभुदयाल वाल्मीकि, मा0 विधायक	सदस्य
4.	श्री रणबीर सिंह, लाइव स्टाक ब्रीडर	सदस्य
5.	डा0 के0सी0 सिंह, कृषि वैज्ञानिक	सदस्य
6.	चौ0 मनोज प्रधान, प्रगतिशील कृषक	सदस्य
7.	श्रीमती भारती शर्मा, सामाजिक महिला कार्यकत्री	सदस्य
8.	श्री सुरजन, संयुक्त सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उ0प्र0 शासन, लखनऊ	सदस्य
9.	डा0 एस0के0 कौशिक, संयुक्त निदेशक, आई0सी0ए0आर0 प्रतिनिधि	सदस्य
10.	श्री पारसनाथ सिंह, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि)	सदस्य
11.	श्री रामचन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक कृषि, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिनिधि)	सदस्य
12.	श्री सत्येन्द्र कुमार, वित्त नियंत्रक	सचिव

मा0 कुलपति जी द्वारा माननीय प्रबन्ध परिषद के सभी सम्मानित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया। मा0 कुलपति जी द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी।

29/10/13   29/10/13

प्रस्ताव संख्या 24.1 : डा0 शालिनी वासवानी, पशु चिकित्साधिकारी, पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय, मथुरा, उ0प्र0 द्वारा उ0प्र0 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अधिनियम–1958 की धारा–23 के अन्तर्गत योजित प्रत्यावेदन पर महामहिम कुलाधिपति जी के आदेश संख्या–ई–8286/जी0एस0 दिनाँक 11 अक्टूबर, 2013 पर विचार किया जाना।

शासन द्वारा स्वीकृत पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय से सम्बन्धित विज्ञापन संख्या–1/2011 से भरे गये पदों के विरूद्ध नियुक्तियों के सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा साक्षात्कार के 9 बन्द लिफाफों को खोला गया। दो पदों पर चयन समिति द्वारा कोई उपयुक्त नहीं पाया गया तथा 8 पदों (2 प्राध्यापक, 1 सह प्राध्यापक एवं 5 सहायक प्राध्यापक) के लिए गठित चयन समिति की संस्तुति पर मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। दिनाँक 24 सितम्बर, 2012 को किये गये साक्षात्कार के आधार पर विधिवत गठित चयन समिति की संस्तुति पर श्रेष्ठता सूची में चयनित प्रथम अभ्यर्थी तथा उनके न आने या अस्वीकार करने पर प्रतीक्षा सूची से वरीयता क्रम में अगले अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र जारी करने के लिए मा0 कुलपति जी को अधिकृत किया गया। जिस पद पर उम्मीदवार न आने अथवा न होने के कारण साक्षात्कार नहीं हो सका अथवा कोई उपयुक्त नहीं पाया गया है, उसके लिए पुनः विज्ञापित विज्ञापन संख्या–1/2013 द्वारा साक्षात्कार किया जाये।

(कार्रवाईः–कुलसचिव)

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

29/11/13

(सत्येन्द्र कुमार)
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

अनुमोदित

29/11/13

(डा0 हरि शंकर गौड़)
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद